राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

सीकर स्थित विश्वविद्यालय में राज्यपाल श्री बागडे ने पंडित उपाध्याय की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में भाग लिया

राज्यपाल ने कहा, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों से प्रेरणा लें

जयपुर, 25 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को सीकर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती के मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उपराष्ट्रपति माननीय श्री जगदीप धनखड़ के साथ उनकी प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में भी भाग लिया वहीं पर ज्ञान उद्यान का भी लोकार्पण किया।

राज्यपाल ने कहा कि पंडित उपाध्याय युग पुरुष थे। एकात्म मानववाद और अंत्योदय के उनके विचारों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

श्री बागडे ने पंडित उपाध्याय के साथ बिताए दिनों को याद करते हुए अपने संस्मरण साझा किए और कहा वह सनातन संस्कृति की आधुनिक दृष्टि वाले महामानव थे।

\-\-\-\-\-

राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को विदाई दी

जयपुर, 25 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को तारपुरा हेलीपेड सीकर पर उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के लौटने पर उन्हें भावभरी विदाई दी।

\-\-\-\-\-

JAGDEEP DHANKHAR

PREM CHAND BAIRWA
JAGDEEP DHANKHAR